01.04.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ राज्य सरकार के कार्मिकों और पेंशनर्स के मंहगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी–बारह लाख चालीस हजार कर्मचारी और पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

○ राज्यव्यापी मलेरिया क्रेश अभियान आज से शुरू–14 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए भी जागरुकता गतिविधियां होंगी।

○ खान विभाग ने बीते वित्तीय वर्ष में 9 हजार 202 करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया।

○ प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी–अगले दो दिन में जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में हल्की बारिश की संभावना।

000

राज्य सरकार के कार्मिकों और पेंशनर्स के मंहगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढोतरी की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज वित्त विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। मंहगाई भत्ता अब 53 प्रतिशत से बढाकर 55 प्रतिशत कर दिया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के आठ लाख कर्मचारियों और चार लाख चालीस हजार पेंशनर्स को फायदा मिलेगा। पंचायत समिति और जिला परिषद कर्मचारी भी इससे लाभान्वित होंगे। ये लाभ एक जनवरी 2025 से देय होगा। एक जनवरी से तीन महीने की मंहगाई भत्ते की राशि संबंधित कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निजी खाते में जमा की जाएगी। वहीं पेंशनर्स को मंहगाई राहत का नकद भुगतान किया जाएगा। इस फैसले से राज्य सरकार पर आठ सौ बीस करोड रुपये का सालाना भार आएगा।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विती के संबंध में आज जयपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंन सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा की भी समीक्षा की। पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की विभागीय घोषणाएं लगभग पूरी हो चुकी हैं।

............

000

राज्यव्यापी अभियान मलेरिया क्रेश की आज से शुरूआत हुई। 14 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत मच्छरों की रोकथाम के लिए जनजागरुकता बढाई जाएगी। साथ ही एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित होंगी। जनस्वास्थ्य निदेशक रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस दौरान डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सामुदायिक भागीदारी पर भी जोर दिया जाएगा।

............

मलेरिया क्रेश कार्यक्रम के तहत आज झुंझनूं में जागरुकता वाहन रैली निकाली गई। सीएमएचओ डॉ. छोटे लाल गुर्जर ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

000

ब्यावर जिले में एक तेज़ाब फैक्ट्री में हुए नाइट्रोजन गैस रिसाव से तीन लोगों की मृत्यु हो गयी। वहीं तीन अन्य की हालत गंभीर हो गई। घटना से प्रभावित करीब साठ लोगों को ब्यावर और अजमेर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने फैक्ट्री को सीज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात ही लीकेज पर काबू पा लिया गया था।

............

बलाड़ गांव में तेजाब फैक्ट्री के गोदाम में खडे टैंकर से कल रात नाइट्रोजन गैस का रिसाव हुआ और कुछ ही देर में आस–पास के रिहायशी इलाके इसकी चपेट में आ गए। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गैस रिसाव हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दुर्घटना में हुई जनहानि पर दुख जताते हुए प्रभावितों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिये हैं।

000

हनुमानगढ़ में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गयी। दुर्घटना पल्लू क्षेत्र में दुधली गांव के पास कार और ट्रोले की टक्कर से हुई, जिससे इन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना ट्रोले की तेज गति और ओवरटेक करने की जल्दबाजी के कारण हुआ। इसका ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

000

राज्य के खान विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में करीब 9 हजार 202 करोड रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है। प्रमुख शासन सचिव टी रविकान्त ने बताया कि खान विभाग ने 23 प्रतिशत से अधिक की विकास दर के साथ पिछले वित्त वर्ष से 1 हजार 742 करोड रुपये से अधिक का राजस्व इकट्ठा किया है। उन्होंने बताया कि खान विभाग के इतिहास में किसी एक वित्तीय वर्ष में ये अब तक का सबसे ज्यादा राजस्व संग्रहण है। जिलों में सबसे ज्यादा भीलवाडा वृत से 2 हजार 257 करोड रुपये का राजस्व एकत्रित किया गया। श्री रविकान्त ने बताया कि समन्वित प्रयास, नियमित निगरानी और राजस्व छीजत को रोकने लिए उठाए गए प्रभावी कदमों से ये उपलब्धि संभव हो पायी है।

000

राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में सेवा निवृत होने वाले राज्यकर्मियों के बीमा परिपक्वता राशि के रूप में 3 करोड 93 लाख रुपये से अधिक के प्राधिकार पत्र जारी किये। विभाग की निदेशक हेमपुष्पा शर्मा ने बताया कि शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के बीकानेर हाउस में अतिरिक्त आवासीय आयुक्त ने ऑनलाइन भुगतान प्राधिकार पत्र जारी किये।
वहीं जयपुर से 22 हजार 535 पॉलिसियों के लिए करीब 2 हजार 389 करोड रुपये से अधिक की राशि का भुगतान सीधे बीमादारों के बैंक खातों में किया गया।

000

लोकसभा में विचार और पारित करवाने के लिए वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कल रखा जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज संसद भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विधेयक पर आठ घंटे की चर्चा का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि की बैठक के दौरान इस बात पर सहमति बनी है कि सदन की राय जानने के बाद चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार विधेयक पर सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। श्री रिजिजू ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इस विधेयक के खिलाफ है।

...........

000

मेवाड़ क्षेत्र में अफीम तुलाई का काम शुरू हो गया है। क्षेत्र में इस बार अफीम की अच्छी पैदावार हुई है। चित्तौड़गढ़ जिले के दो खंडों में किसानों की अफीम फसल की तुलाई नारकोटिक्स विभाग की ओर से की जा रही है। तोल का ये काम अगले बारह दिनों तक चलेगा।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी दर्ज हुई है। बीते 24 घंटों में बाडमेर में पारा 39 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस मापा गया। वहीं अगले दो–तीन दिनों में दिन और रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में कल बादल छाए रहने की संभावना है। वहीं 3 अप्रैल को जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में कुछ जगह गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

...........

000

दौसा जिले के लालसोट में हेला ख्याल संगीत दंगल का आयोजन किया गया है। ये लगातार 36 घंटे चलेगा। ख्याल दंगल गणगौर के मौके पर रखा जाता है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसमें विभिन्न गायन मंडलियां अलग–अलग विषयों पर प्रस्तुति देती हैं और इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं।

...........

राजसमंद में चल रहे पांच दिवसीय महोत्सव के तहत आज शाही लवाजमे के साथ गणगौर सवारी निकाली जा रही है। उदयपुर में भी गणगौर के मौके पर तीन दिन के मेवाड़ फेस्टिवल की कल से शुरूआत हुई। राजधानी जयपु में भी गणगौर के दूसरे दिन आज परम्परागत सवारी निकाली जा रही है। उधर, सूरत में बारह हजार से अधिक महिलाओं ने राजस्थान स्थापना दिवस के मौके पर घूमर नृत्य कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया है।

000